Regarding need to construct a ring road in Samastipur, Bihar-laid

श्री प्रिंस राज **(समस्तीपुर):** बढ़ती आबादी, बढ़ते वाहन एवं तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण हमारे संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर, बिहार में जाम की समस्या यहाँ के लोगों की दिनचर्या बन गई है । जाम के कारण स्कूल बसें भी समय से बच्चों को स्कूल से घर नहीं पहुंचा पाती है, यह आम लोगों की बहुत बड़ी समस्या है । यहां तक कि एंबुलेंस को भी रूकना पड़ता है । बिहार सरकार ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से बिहार की राजधानी पटना के अलावा प्रदेश के 5 अन्य जिलों (दरभंगा, मुजफ्फरपुर, छपरा, भागलपुर एवं गया) में रिंग रोड बनाने का प्रस्ताव रखा था । केंद्र सरकार ने बिहार सरकार के प्रस्ताव को सैद्धांतिक तौर पर अपनी मंजूरी दे दी है । मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूँ कि जाम की समस्या से मुक्ति के लिए समस्तीपुर में भी रिंग रोड का निर्माण कराया जाए ताकि शहर में यातायात की सुगमता हो सके । सुगम यातायात से शहर के चहुँमुखी विकास में सहायता मिलेगी । रिंग रोड के निर्माण से एक ओर जहां शहर के लोगों को सहूलियत होगी, वहीं जिला मुख्यालय से जाने वाले भी इसका इस्तेमाल कर शहर में प्रवेश किए बगैर यात्रा कर सकेंगे ।